# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम– दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)
रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.).491001

*ई मेल :* durgpractical@gmail.com *वेब साइट : www.durguniversity.ac.in*


क्र. 220/गोप./2025 दुर्ग, दिनांक 22/05/2025

प्रति,

प्राचार्य
समस्त संबद्ध महाविद्यालय
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग

विषयः– **सत्र 2024–25 के स्नातक प्रथम सेमेस्टर (NEP) के प्रायोगिक एवं आंतरिक परीक्षा के संबंध में।**

**संदर्भः– आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय, नवा रायपुर अटल नगर का पत्र कमांक 771/204/आउशि/गु.प्र/2025 नवा रायपुर, दिनांक 25/04/2025।**

**संदर्भित पत्रानुसार लेख है कि शैक्षणिक सत्र 2024–25 के स्नातक प्रथम सेमेस्टर (NEP) के किसी विद्यार्थी (नियमित/स्वाध्यायी) का यदि प्रायोगिक परीक्षा चूक जाने अथवा सतत् आंतरिक मूल्यांकन (CIA) का प्राप्तांक अप्राप्त होने के कारण उक्त कोर्स में बैकलॉग हो गया है, तो उनकी प्रायोगिक परीक्षा/आंतरिक मूल्यांकन (CIA) संस्था स्तर पर सम्पादित कराकर ऑफलाइन फाइल/काउंटर फाइल दिनांक 29/05/2025 तक विश्वविद्यालय गोपनीय विभाग में अनिवार्यतः जमा किया जाना सुनिश्चित करेंगे। इस हेतु विश्वविद्यालय द्वारा किसी प्रकार का यात्रा देयक/पारिश्रमिक/स्टेशनरी व्यय देय नहीं होगा।**

**संलग्नः– उपरोक्तानुसार**

**उपकुलसचिव**
**हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग**

क्र. 221 /गोप./2025 दुर्ग, दिनांक 22/05/2025
प्रतिलिपि :–

1. कुलपति के निज सहायक हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग को सूचनार्थ।
2. कुलसचिव के निज सहायक हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग को सूचनार्थ।
3. वित्त अधिकारी हेमचंद यादव विश्वविद्यालय को सूचनार्थ।

**सहायक कुलसचिव**
**हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग**

# कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय

ब्लॉक –3 द्वितीय एवं तृतीय मंजिल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर,
Email- slqaccg@gmail.com, Website – highereducation.cg.gov.in

क्र 771/204/आउशि /गु.प्र./2025 नवा रायपुर, दिनांकः 25/04/2025

प्रति,

कुलसचिव,
समस्त राजकीय विश्वविद्यालय,
छत्तीसगढ़

विषयः सत्र 2024–25 अंतर्गत स्नातक द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षाओं के संबंध में।

संदर्भः दिनांक 24.04.2025 को कुलसचिवों एवं परीक्षा नियंत्रकों की बैठक।

------00-----

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित बैठक में हुई चर्चा एवं लिये गये निर्णय अनुसार निर्देशित किया जाता है कि –

1. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानानुसार संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रमों के कोर्सेस का अध्यापन, सतत् आतंरिक मूल्यांकन एवं शैक्षणिक कैलेण्डर का परिपालन का निगरानी (Monitoring) करना सुनिश्चित किया जाये।
2. सुनिश्चित किया जाये कि संबंधित महाविद्यालय द्वारा एन.ई.पी 2020 के समस्त प्रावधानों, नियमों, कोर्स करिकुलम तथा शैक्षणिक कैलेण्डर संबंधित समस्त जानकारी में स्वाध्यायी विद्यार्थियों को दिया गया हों।
3. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के समस्त प्रावधानों एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी संबंधित नियम/अधिनियम/विनियम के संबंध में स्वाध्यायी विद्यार्थियों के लिये स्पष्ट दिशा निर्देश जारी कर महाविद्यालयों को प्रेषित किया जाये तथा विश्वविद्यालय के सूचना पटल/वेबसाइट पर प्रसारित किया जाना सुनिश्चित किया जाये।
4. स्नातक द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा तैयारी से पूर्व संबंध महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं एनईपी नोडल अधिकारी की बैठक आयोजित कर परीक्षा संबंधित समस्त बिन्दुओं, विशेष कर स्वाध्यायी विद्यार्थियों के संदर्भ में चर्चा किया जाये तथा सुनिश्चित किया जाये कि –
   - स्वाध्यायी विद्यार्थियों द्वारा उसी विषयों/कोर्सेस का चयन किया गया हो जिसका अध्यापन महाविद्यालय में किया जा रहा हैं। इस हेतु विश्वविद्यालय के ऑनलाइन फॉर्म पोर्टल में समुचित व्स्था किया गया हो।
   - स्वाध्यायी विद्यार्थियों द्वारा उनके परीक्षा फॉर्म में मोबाईल नं. एवं आधार नं. स्पष्ट रूप से अंकित किया गया हों।
   - स्वाध्यायी विद्यार्थियों के सतत् आंतरिक मूल्यांकन निर्धारित समयावधि में पूर्ण कर लिया गया हो तथा पाठ्यक्रमों संबंधित उनके समस्याओं का समाधान कर लिया गया हों।
   - समस्त विषयों/कोर्सेस के सतत् आंतरिक मूल्यांकन का प्राप्तांक महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा परीक्षण उपरांत हस्ताक्षर कर विश्वविद्यालय को प्रेषित किया गया हो।
   - विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में प्रवेशित/पंजीकृत समस्त विद्यार्थियों की APAR Id. बन गई हो, ताकि Credit Transfer में कोई असुविधा न हो।

5. समस्त विषयों के डिसीप्लीन स्पेसेफिक कोर्स (DSC)एवं जेनेरिक इलेक्टिव (GE) के प्रश्न पत्र पृथक–पृथक निर्माण कर परीक्षा का आयोजन एवं मूल्यांकन कराया जाना तथा स्नातक के समस्त विषयों/कोर्सेस के प्रश्न पत्र का मुद्रण द्विभाषा (Bilingual) में किया जाना सुनिश्चित किया जायें।
6. स्किल एनहासमेंट कोर्स (SEC) का अंत सेमेस्टर परीक्षा लिखित न होकर प्रायोगिक/फील्ड वर्क कार्य/प्रदर्शन आधारित होना हैं, जिसके सम्पादन हेतु विश्वविद्यालय द्वारा बाह्य परीक्षक नियुक्त किया जाना तथा परीक्षा का प्राप्तांक (Marks Foil) महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा सत्यापित कर विश्वविद्यालय को प्रेषित किया जाना सुनिश्चित किया जायें।
7. पूर्व से प्रेषित स्किल एनहासमेंट कोर्स की सूची (Pool of SEC) में DASEC- 01(Fundamentals of Kathak), DBSEC- 01 (Fundamentals of Bharatnatyam) एवं DASEC- 02 (Folk Dances of Chhattisgarh) सम्मिलित किया गया है। जिस महाविद्यालयों में नृत्य विषय संचालित हो उसके विद्यार्थी उक्त कोर्स का चयन कर सकते हैं।
8. स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय के विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन सम्बन्धित विषय के अंग्रेजी भाषा के जानकार प्राध्यापकों से कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।
9. प्रथम सेमेस्टर के किसी विद्यार्थी (नियमित या स्वध्यायी) का यदि प्रायोगिक परीक्षा चूक जाने अथवा सतत् आंतरिक मूल्यांकन (CIA) का प्राप्तांक अप्राप्त होने के कारण उक्त कोर्स में बैकलॉग हो गया हो तो द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा से पूर्व उनके प्रायोगिक परीक्षा/CIA संस्था स्तर पर सम्पादित करा कर उक्त कोर्स को क्लीयर करने का अवसर दिया जाये।
10. संबंद्ध महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रमों के कोर्सेस सम्बन्धित पठन सामग्रीयॉ (PDF / Video / PPT) का विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा निर्माण कराकर गुणवत्ता परीक्षण करते हुए विश्वविद्यालय के वेवसाईट पर विद्यार्थियों के लिये उपलब्ध किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

**नोटः आगामी बैठक के पूर्व उपरोक्त सभी विन्दुओं का पालन पतिवेदन हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।**

(हस्ताक्षर)
**डॉ. संतोष कुमार देवांगन**
**आयुक्त**
**उच्च शिक्षा संचालनालय,**
**नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)**

**पृ.क्र. 772/204/आउशि /गु.प्र./2024** **नवा रायपुर, दिनांकः 25/04/2025**
**प्रतिलिपिः–**

1. सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, छ0ग0 शासन को सूचनार्थ।
2. क्षेत्रीय अपर संचालक ..................... संभाग को सूचनार्थ ।
3. प्राचार्य, समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय, छत्तीसगढ को सूचनार्थ।
4. टास्क फोर्स, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, उच्च शिक्षा संचालनालय, नवा रायपुर को सूचनार्थ।

(हस्ताक्षर)
**आयुक्त**
**उच्च शिक्षा संचालनालय,**
**नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)**